


स्वामी विवेकानंद जयंती आज

# नव भारत

राष्ट्रहित का प्रहरी 1934 से

इंदौर 65 वां वर्ष संस्करण




# बांटने वाली ताकतों से रहें सावधान

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा- सोमनाथ अजय अमर है, मर गए मिटाने वाले



**सोमनाथ/राजकोट, 11 जनवरी. गुजरात के प्रसिद्ध सोमनाथ मंदिर में स्वभिमान पर्व मनाया जा रहा है. इसके अंतर्गत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने गुजरात दौरे के दूसरे दिन सोमनाथ में आयोजित शौर्य यात्रा में शामिल हुए. इसके बाद प्रधानमंत्री मोदी ने सोमनाथ मंदिर में पूजा-अर्चना की. पीएम ने शिवलिंग पर जल चढ़ाया, फिर फूल अर्पित किए और पंचामृत से अभिषेक किया. पीएम ने मंदिर में करीब 30 मिनट तक पूजा की. सुबह शंख सर्किल पर शौर्य यात्रा निकाली. पीएम ने एक किमी लंबी यात्रा के दौरान डमरू भी बजाया.**

पीएम मोदी ने मंदिर से करीब 3 किमी दूर सद्भावना ग्राउंड में रैली को संबोधित किया और कहा कि सोमनाथ अजय अमर है, इसे मिटाने वाले मर गए. हमें आज भी ऐसी ताकतों से सावधान रहना है, जो हमें बांटने की कोशिश में लगी हुई हैं. मंदिर पर 1000 साल पहले हुए हमले को लेकर पीएम ने कहा कि उस वक्त आतताई सोच रहे थे कि वे जीत गए हैं, लेकिन आज भी सोमनाथ मंदिर में फहरा रही ध्वजा बता रही है कि हिंदुस्तान की शक्ति क्या है. वहीं प्रधानमंत्री ने अहमदाबाद मेट्रो के चरण-2 के बचे हुए हिस्से का उद्घाटन किया. इससे अहमदाबाद और गांधीनगर शहरों के बीच एक अहम परिवहन लिंक पूरा हो गया.

### भारत बना ग्लोबल भरोसे का केंद्र : पीएम

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कच्छ और सौराष्ट्र क्षेत्र के लिए आयोजित वाइब्रेंट गुजरात रीजनल कॉन्फ्रेंस के तहत ट्रेड शो और प्रदर्शनी का उद्घाटन किया. इस बीच सम्मेलन को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि साल 2026 में यह उनका गुजरात का पहला दौरा है और मैंने अपनी यात्रा की शुरुआत सोमनाथ मंदिर में दर्शन कर की. प्रधानमंत्री ने कहा कि गुजरात में आज हर जगह विकास के साथ विरासत का मंत्र दिखाई देता है. उन्होंने स्पष्ट किया कि वाइब्रेंट गुजरात सिर्फ एक सम्मेलन नहीं, बल्कि 21वीं सदी में गुजरात और भारत की विकास यात्रा का प्रतीक है.

### मुख्य बिंदु

- 1026 में गजनवी को लगा था उसने सोमनाथ का वजूद मिटा दिया, लेकिन इसके बाद ही मंदिर का पुनर्निर्माण शुरू हो गया.
- खिलजी ने भी मंदिर तोड़ा, लेकिन जूनागढ़ के राजाओं ने फिर से मंदिर का पुनर्निर्माण करा दिया.
- सोमनाथ को नष्ट करने के एक नहीं, अनेकों प्रयास हुए.
- आज भी विरोधी ताकतें मौजूद, इनसे सतर्क रहना है.
- पीएम ने अपने एक पुराने भाषण का भी जिक्र किया. मोदी ने कहा- गुजरात का सीएम रहते हुए मैंने एक बार कहा था कि मोरबी, जामनगर और राजकोट एक दिन मिनी जापान बनेंगे. लोगों ने मजाक बनाया लेकिन आज हकीकत सबके सामने है.

# भारत को विश्वगुरु बनने से कोई रोक नहीं सकता : मोहन

- आरएसएस के 100 वर्ष फिल्म के गीत लॉन्च
- सुखविंदर सिंह ने गाए हैं गीत



**नई दिल्ली, 11 जनवरी. राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत ने झंडेवालान स्थित संघ कार्यालय केशव कुंज में 'राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100 वर्ष - शतक' फिल्म के दो गीतों 'भारत मां के बच्चे, तथा 'भगवा है मेरी पहचान' का लोकार्पण किया. गीतों को गायक सुखविंदर सिंह ने आवाज दी है.**

कार्यक्रम में डॉ. मोहन भागवत ने कहा कि संघ और डॉक्टर साहब समानार्थक शब्द हैं. उन्होंने कहा कि जैसे-जैसे संघ नए-नए रूप में विकसित होता है, लोगों को लगता है कि संघ बदल रहा है, लेकिन संघ बदल नहीं रहा है, क्रमशः प्रगट हो रहा है. यह बीज से पेड़ बनने की प्रक्रिया है. ऐसे ही डॉक्टर साहब का जीवन यानि संघ का विचार, संघ की भावना सब कुछ है. उन्होंने कहा कि भारत को विश्वगुरु बनने से कोई रोक नहीं सकता. हिन्दू अगर एक रहें तो विश्व की कोई ताकत हमें हरा नहीं सकती. राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के संस्थापक डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार की साइकोलॉजी शोध का विषय है. जब उनके माता - पिता एक ही दिन एक घंटे के अंतराल में दुनिया से चल बसे. उस समय डॉक्टर साहब की आयु मात्र 11 वर्ष थी.

### एक नजर में



#### कोहली और रोहित ने तोड़े रिकॉर्ड

नई दिल्ली. न्यूजीलैंड ने वनडे सीरीज के पहले मैच में विराट कोहली और रोहित शर्मा ने नए रिकॉर्ड कायम किए. विराट कोहली इंटरनेशनल क्रिकेट में दूसरे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बैटर बन गए हैं. उन्होंने इस पारी में 42वां रन बनाते ही श्रीलंका के कुमार संगकारा (28016 रन) को पीछे छोड़ दिया है. अब कोहली से आगे सिर्फ सचिन तेंदुलकर (34357 रन) हैं. वहीं रोहित शर्मा मैच में दूसरा छक्का लगाते ही वनडे में सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले ओपनर बन गए हैं. उन्होंने वेस्टइंडीज के क्रिस गेल के 328 छक्कों का रिकॉर्ड तोड़ दिया. रोहित के नाम अब बतौर ओपनर 193 वनडे मैच में 329 छक्के हो गए हैं. हर बैटिंग पोजिशन को मिलाकर रोहित शर्मा पहले ही वनडे में सबसे ज्यादा छक्केलगाने वाले बैटर हैं. उनके नाम अब तक 357 छक्के हैं.

# गुजरात में रिलायंस का बढ़ेगा निवेश

## अगले पांच साल में 3.5 लाख करोड़ से बढ़कर 7 लाख करोड़ होगा

**राजकोट, 11 जनवरी. वाइब्रेंट गुजरात रीजनल कॉन्फ्रेंस के दौरान रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी ने गुजरात के लिए बड़े निवेश की घोषणा की. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा राजकोट में ट्रेड एग्जिबिशन के उदघाटन के अवसर पर अंबानी ने कहा कि रिलायंस ने राज्य में पिछले पांच वर्षों में 3.5 लाख करोड़ का निवेश किया है, जिसे अगले पांच वर्षों में दोगुना कर 7 लाख करोड़ किया जाएगा.**



मुकेश अंबानी ने कहा कि रिलायंस पहले ही गुजरात का सबसे बड़ा निवेशक है और यह नया निवेश बड़े पैमाने पर रोजगार, आजीविका और समृद्धि के अवसर पैदा करेगा. उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा कि आज भारत आत्मविश्वास के साथ वैश्विक मंच पर आगे बढ़ रहा है.

मुकेश अंबानी ने बताया कि जामनगर में दुनिया का सबसे बड़ा इंटीग्रेटेड क्लीन एनर्जी इकोसिस्टम विकसित किया जा रहा है, जिसमें सोलर, एनर्जी स्टोरेज, ग्रीन हाइड्रोजन, ग्रीन फर्टिलाइज़र, सस्टेनेबल एविएशन और मैरीटाइम फ्यूल शामिल होंगे. उन्होंने कहा कि जामनगर, जो कभी भारत का सबसे बड़ा हाइड्रोकार्बन निर्यातक था, अब ग्रीन एनर्जी और ग्रीन मटीरियल्स का सबसे बड़ा एक्सपोर्ट हब बनेगा.

# शाह ने पूछा-सबरीमाला का सोना किसने लूटा

- केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का केरल दौरा
- सत्ता के लिए मैच-फिक्सिंग करते हैं वामपंथी-कांग्रेस

**तिरुवनंतपुरम, 11 जनवरी (वार्ता) केंद्रीय गृह मंत्री और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता अमित शाह ने रविवार को केरल में सत्तारूढ़ वाम लोकतांत्रिक मोर्चा (एलडीएफ) और विपक्षी संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चा (यूडीएफ) पर तीखा हमला किया और उन पर मैच फिक्सिंग, परस्पर समझौते और भ्रष्टाचार के आरोप लगाए.**




उन्होंने दावा किया कि केरल में निश्चित तौर पर भाजपा की सरकार बनेगी. इसी के साथ उन्होंने प्रश्न पूछा कि सबरीमाला का सोना किसने लूटा. शाह ने यहां स्थानीय निकायों के नवनिर्वाचित प्रतिनिधियों की बैठक को संबोधित किया. उन्होंने कहा कि एलडीएफ और यूडीएफ दशकों से राजनीतिक नाटक कर रहे हैं और जब भी चुनावी गणित की जरूरत पड़ी, दोनों एक-दूसरे के बचाव में खड़े हुए. उन्होंने आरोप लगाया कि पिछले पांच दशकों से यह चलन बना हुआ है कि जब कांग्रेस बहुमत हासिल नहीं कर पाती.

> शाह ने कहा कि पश्चिम बंगाल में कांग्रेस और कम्युनिस्ट दोनों शून्य सीटों की ओर बढ़ रहे हैं और वहां भाजपा सरकार बनाने की स्थिति में है. केरल में भाजपा के संगठनात्मक विस्तार का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि पार्टी ने अब तक 30 ग्राम पंचायतें और दो नगरपालिकाएं जीती हैं. उन्होंने कहा कि तिरुवनंतपुरम नगर निगम में आज भाजपा का मेयर होना पार्टी की राजनीतिक यात्रा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है. कहा कि भविष्य भाजपा का है और वह दिन आएगा जब केरल में भाजपा का मुख्यमंत्री होगा.

# छत्तीसगढ़ में एनटीपीसी करेगी 10 हजार करोड़ रु. का निवेश

**नई दिल्ली, 11 जनवरी. छत्तीसगढ़ में एनटीपीसी 10,000 करोड़ रुपये के निवेश से कोयला से सिंथेटिक नेचुरल गैस (एसएनजी) बनाने वाली सुविधा स्थापित करेगी. कंपनी के एक सीनियर अधिकारी ने यह जानकारी दी. अधिकारी ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि कंपनी एसएनजी उत्पादन के तहत कोयले के प्यूरीफिकेशन और गैसीकरण जैसी विभिन्न प्रक्रियाओं के लिए टेक्नोलॉजी साझेदारों की तलाश कर रही है.**



एनटीपीसी ने अक्टूबर 2025 में कोयले से एसएनजी बनाने के लिए इंजीनियर्स इंडिया लिमिटेड (ईआईएल) के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए थे. एनटीपीसी की रिसर्च एंड डेवलपमेंट ब्रांच नेत्रा कोयले को ग्रीन बनाने जैसी तकनीकों को बढ़ावा देने के तहत इस पहल का नेतृत्व कर रही है.

# चाइनीज मांझा फिर बना जानलेवा

नव भारत न्यूज

**इंदौर. प्रतिबंधित चाइनीज मांझा शहर में लगातार जानलेवा साबित हो रहा है. रविवार शाम कनाड़िया और तिलक नगर के बीच सड़क पर बाइक सवार युवक का गला चाइनीज मांझे से कट गया. गंभीर हालत में अस्पताल ले जाए गए युवक ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया. वहीं दूसरी घटना में सपना संगीता रोड पर नीट की तैयारी कर रहे छात्र का भी गला मांझे से कट गया, जिसे निजी अस्पताल में भर्ती कराया है.**



शहर में दो जगह हुई घटना : एक युवक की मौत, एक घायल

हादसा रविवार शाम करीब साढ़े पांच बजे तिलक नगर थाना क्षेत्र के शकुंतला अस्पताल के पास हुआ. मृतक की पहचान रघुवीर धाकड़ के रूप में हुई है, जो बिचौली मर्दाना स्थित ओम साई विहार कॉलोनी का निवासी था. परिजनों ने पुलिस को बताया कि रघुवीर टाइल्स के काम की ठेकेदारी करता था. रविवार को छुट्टी होने के बावजूद वह बाइक से एक साइट देखने गया था. काम से लौटते समय अचानक सड़क पर फैले चाइनीज मांझे की चपेट में आ गया. राहगीरों ने तुरंत मदद करते हुए रघुवीर के मोबाइल से उसके परिजनों को सूचना दी और उसे अस्पताल पहुंचाया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई. सूचना मिलने पर परिजन अस्पताल पहुंचे थे. तिलक नगर थाना प्रभारी मनीष लोधा ने बताया कि घटनाओं की जानकारी पुलिस को मिली है.

### एमपी में रेलवे रचेगा इतिहास



# टनल बनने से दूरी और यात्रा के समय में आएगी कमी

**02** महीने में 100 मीटर टनल की एमपी में खुदाई पूरी

**8.64** और 1.24 किमी होगी दोनों टनल की लंबाई

**नर्मदापुरम/भोपाल, 11 जनवरी. मप्र में दो टनलों का निर्माण किया जा रहा है. ये मप्र की सबसे लंबी टनल होगी. 2 महीने में 100 मीटर टनल की खुदाई पूरी हो चुकी है. इन टनलों की लंबाई 8.64 और 1.24 किमी होगी. टनल बुधनी इंदौर नई रेलवे लाइन सीधे मुंबई, दिल्ली और नागपुर लाइन से सीधी जुड़ जाएगी.**

इसके अलावा बुधनी में जंक्शन बनेगा. नई लाइन अत्यधिक भीड़भाड़ वाले भोपाल-इटारसी खंड और बुदनी-बरखेड़ा घाट खंड को बायपास कर देगी. इसके परिणामस्वरूप दूरी और यात्रा के समय में काफी कमी आएगी, विशेष रूप से इंदौर को पूर्वी और मध्य मध्य प्रदेश से जोड़ने वाले मार्गों के लिए, जिसमें जबलपुर, नागपुर और उससे आगे के स्थान शामिल हैं. रेल लाइन बुदनी से शुरू होती है और इंदौर (मंगलियागांव) के पास समाप्त होगी है, जो मध्य और पश्चिमी मध्य प्रदेश के बीच एक छोटा और अधिक कुशल रेल लिंक प्रदान करती है. अलाइनमेंट को ग्रेडियंट को अनुकूलित करने, वक्रता को कम करने और यात्री और माल ढुलाई दोनों परिचालनों के लिए भविष्य में यातायात वृद्धि को समायोजित करने के लिए सावधानीपूर्वक योजना बनाई गई है. इंदौर-बुधनी के बीच 205 किमी नई ब्रॉड गेज रेल लाइन का निर्माण कार्य चल रहा है. आरवीएनएल इस प्रोजेक्ट में काम कर रहा है. इस प्रोजेक्ट के तहत 2 सुरंगें, 80 बड़े पुल, 99 छोटे पुल, 138 आरयूबी, 5 आरओबी, 2 लंबे वायाडक्ट और 18 नए स्टेशन बनेंगे.

### अनोखा अंदाज

कृषक कल्याण वर्ष 2026 का शुभारंभ, ऐतिहासिक रैली में शामिल हुए 1101 ट्रैक्टर



# ट्रैक्टर चलाकर मुख्यमंत्री बने 'किसान'

**भोपाल, 11 जनवरी. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने राजधानी भोपाल से रविवार को कृषक कल्याण वर्ष 2026 का भव्य एवं गरिमापूर्ण शुभारंभ किया. उन्होंने शुभारंभ अवसर पर किसानों की ऐतिहासिक 1101 ट्रैक्टरों की रैली का नेतृत्व किया. विशाल संख्या में ट्रैक्टरों की अनुशासित सहभागिता ने कार्यक्रम को ऐतिहासिक स्वरूप प्रदान किया.**

ट्रैक्टर रैली में किसानों के उत्साह को देखकर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि यह ट्रैक्टर रैली केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि किसानों की एकजुटता, आत्मविश्वास और प्रदेश सरकार की किसान-हितैषी सोच का सशक्त प्रतीक है. यह आयोजन इस बात का संकेत है कि राज्य सरकार कृषि को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए किसानों के हित में निरंतर और ठोस कदम उठाने के लिए प्रतिबद्ध है.

कार्यक्रम में भावुक एवं प्रेरक क्षण तब आया, जब मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने स्वयं ट्रैक्टर की कमान संभाली. ट्रैक्टर चालक से आग्रह कर ट्रैक्टर पर बैठना और उसे चलाना मुख्यमंत्री की सहजता और किसानों के श्रम के प्रति सम्मान को दर्शाता है. मुख्यमंत्री की सादगी और आत्मीयता ने उपस्थित जनसमुदाय को भावविभोर कर दिया. किसानों ने तालियों की गड़गड़ाहट के साथ किसान बने मुख्यमंत्री डॉ. यादव का अभिनंदन किया.

### चारों वर्गों के सशक्तिकरण पर आधारित हैं सरकार की नीतियां

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सरकार की नीतियों का केंद्र किसान, नारी, युवा और गरीब हैं. इन चारों वर्गों के सशक्तिकरण को ध्यान में रखते हुए प्रदेश सरकार योजनाओं और कार्यक्रमों का निर्धारण कर रही है, जिससे विकास का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे. मुख्यमंत्री ने वर्ष 2026 को कृषक कल्याण वर्ष के रूप में मनाने की घोषणा की. उन्होंने कहा कि इस दौरान किसानों के हितों पर विशेष ध्यान केंद्रित किया जाएगा.